न्यायालय जिला न्यायाधीश, अजमेर
दीवानी वाद संख्या 160/2025
श्रीमती सुमन बनाम रितु मेहरड़ा व अन्य

24.02.2026

वादिया की ओर से विद्वान अधिवक्ता श्री अशोक माथुर उपस्थित। प्रतिवादी संख्या–1 की ओर से अधिवक्ता श्री उरप्रीत सिंह के जुनियर अधिवक्ता श्री अनिल प्रजापत उपस्थित। प्रतिवादी संख्या 4 व 5 की ओर से विद्वान राजकीय अभिभाषक उपस्थित। शेष प्रतिवादीगण की ओर से कोई उपस्थित नहीं।

विद्वान अधिवक्ता वादिया की ओर से बहस अंतिम पूर्ण की गई। विद्वान अधिवक्ता श्री उरप्रीत सिंह के जुनियर अधिवक्ता श्री अनिल प्रजापत ने निवेदन किया कि उनके वरिष्ठ अधिवक्ता अजमेर से बाहर गये हुए हैं, ऐसी स्थिति में बहस अंतिम हेतु एक अवसर प्रदान किया जावे। अतः न्याय हित में दर्शित कारण को दृष्टिगत रखते हुए वाद में बहस अंतिम हेतु प्रतिवादीगण को एक अवसर प्रदान किया जाकर पत्रावली वास्ते बहस अंतिम हेतु दिनांक 27.02.2026 को पेश हो।

(विक्रान्त गुप्ता)
जिला न्यायाधीश, अजमेर।